# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## जितना सोचा था उससे बेहतर, ट्रेड वॉर के बीच भी चीन की GDP ने पकड़ी रफ्तार ; 5.2% की लगाई छलांग।


Publisher



Published on 15 Jul 2025




**अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर के बावजूद चीन की GDP दूसरी तिमाही मे 5.2% की दर से बढ़ी, जो अनुमान से बेहतर है। एक्सपोर्ट और इंडस्ट्री मे आया उछाल।**

### China GDP Q2: अनुमान से अधिक रही चीन की आर्थिक विकास दर

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी **अर्थव्यवस्था चीन ने दूसरी तिमाही** (**अप्रैल-जून 2025**) में **5.2% की GDP ग्रोथ दर्ज की है**। जबकि रॉयटर्स सर्वे में **5.1% की ग्रोथ** का अनुमान लगाया गया था। यह **चीन की अर्थव्यवस्था** के लिए सकारात्मक संकेत है, खासतौर पर ऐसे समय में जब अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर जारी है।

**पहली तिमाही बनाम दूसरी तिमाही१/**

१. **जनवरी-मार्च 2025:** GDP ग्रोथ 5.4%

२. **अप्रैल-जून 2025:** GDP ग्रोथ 5.2%

३. **साल की पहली छमाही मे औसत ग्रोथ :** 5.3%

४. **चीन का निर्यात सालाना आधार पर 5.8% बढ़ा है, जो टैरिफ मे अस्थायी राहत और वैश्विक ऑर्डर मे उछाल की वजह से संभव हुआ**।

**उद्योग और उपभोक्ता डेटा मे मिला-जुला प्रदर्शन**

१. **औद्योगिक उत्पादन :** जून 2025 में 6.8% की बढ़त (मई में 5.8%)

२. **खुदरा बिक्री :** जून में गिरकर 4.8% (मई में 6.4%)

३. **यह दिखाता है कि चीन मे उंद्योग क्षेत्र तेजी पकड़ रहा है, लेकिन घरेलू खपत और उपभोक्ता भरोसा अब भी चुनौतीपूर्ण स्थिति मे है**।

**चीन सरकार की टिप्पणी**

**नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स** (NBS) के डिप्टी कमिश्नर शेंग लायुन ने कहा:
"दूसरी तिमाही की ग्रोथ वैश्विक अनिश्चितता और आंतरिक दबाव के बीच हासिल की गई है। हालांकि, अभी भी संरचनात्मक समस्याएं बनी हुई हैं।"

**दूसरी छमाही को लेकर सतर्क है चीन**

सरकार ने संकेत दिया है कि **जुलाई-दिसंबर 2025** की अवधि में परिणाम कुछ हद तक कमजोर रह सकते हैं। इसकी वजह है:
१. **प्रॉपर्टी सेक्टर मे तंनाव**
२. **घरेलू मांग मे गिरावट**
३. **उपभोक्ता विश्वास मे कंमी**

**ट्रेड वॉर का असर तो पड़ा, लेकिन कंट्रोल मे**

अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** की ओर से लगाए गए टैरिफ ने **चीन की अर्थव्यवस्था** को चुनौती दी है, लेकिन चीन ने एक्सपोर्ट में **तेजी** और **उद्योग नीति** में बदलाव से इसका मुकाबला किया है। इससे साफ है कि चीन अब भी **वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा** में मजबूती से खड़ा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.